परीक्षा देकर लौट रहे युवकों को अगवा कर फिरौती वसूलने वाले गिरोह का पर्दाफाश

मुहाना थाना पुलिस ने गिरोह के तीन सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार किया, पूछताछ शुरू

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर । स्टेट हाईवे और रिंग रोड पर राहगीरों व वाहन चालकों से लूटपाट करने वाले गिरोह का मुहाना थाना पुलिस ने पर्दाफाश करते हुए गिरोह के तीन सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस जानकारी के अनुसार आरोपियों ने रेलवे ग्रुप-डी की परीक्षा देकर बाइक से घर लौट रहे दो युवकों को कार में अगवा कर लिया। एक युवक को कुछ दूरी पर छोड़ दिया, जबकि दूसरे को जंगल में ले जाकर हाथ-पैर बांधकर मारपीट की और परिजनों से 50 हजार रुपए की फिरौती वसूलने के बाद छोड़ा। पुलिस के अनुसार गिरोह का मुख्य सरगना कुशाल सांसी वारदात में इस्तेमालकार लेकर फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश में संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है।

डीसीपी दक्षिण राजर्षि राज ने बताया कि परिवादी कमलेश मीणा ने 6 अगस्त को मुहाना

■ **स्टेट हाईवे और रिंग रोड पर राहगीरों व वाहन चालकों से लूटपाट करते थे बदमाश**

थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह 5 अगस्त की शाम अपने दोस्त मीठालाल मीणा को रेलवे ग्रुप-डी की परीक्षा दिलाकर बाइक से घर लौट रहा था। रिंग रोड-डिग्गी रोड के पास कार सवार बदमाशों ने दोनों को रोककर अगवा कर लिया।

बदमाशों ने मीठालाल को करीब 5 से 7 किलोमीटर आगे ले जाकर छोड़ दिया, जबकि कमलेश को कार में डालकर जंगल की तरफ ले गए। वहां उसके हाथ-पैर बांध दिए और बुरी तरह मारपीट की। आरोपियों ने उसका मोबाइल, तीन चांदी की अंगूठियां और चांदी की चेन भी छीन ली। बदमाशों ने कमलेश को छोड़ने के बदले पहले 15 लाख रुपए की फिरौती मांगी। बाद में रकम घटाकर 50 हजार रुपए कर दी। जान से मारने की धमकी देकर उसके भाई को 50 हजार रुपए लेकर बुलाया गया। रकम मिलने के बाद बदमाशों ने कमलेश को छोड़ दिया।

इधर वारदात को गंभीरता से लेते हुए मुहाना थानाधिकारी मुकेश कुमार के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। टीम ने वारदात के स्थान से लेकर बदमाशों के संभावित रास्तों तक 500 से अधिक सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले।

तकनीकी अनुसंधान और मुखबिर तंत्र की मदद से पुलिस ने आरोपियों की पहचान कर घेराबंदी की और गिरोह के तीन सदस्य सुरेश चौधरी (22), निवासी केरिया वाली ढाणी, नेवटा रोड, मुहाना, जयपुर, दीपक बलाई उर्फ दीपू (23) निवासी पत्रकार कॉलोनी जयपुर और सुनील जांगिड़ (21), निवासी टोंक हाल निवासी सांगानेर जयपुर को गिरफ्तार किया गया। वहीं पुलिस कार्रवाई के दौरान गिरोह का मुख्य सरगना कुशाल सांसी वारदात में इस्तेमाल कार लेकर मौके से फरार होने में सफल रहा।

पुलिस ने हाईवे और आसपास के इलाकों में नाकाबंदी कर उसकी तलाश तेज कर दी है। संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दी जा रही है। पुलिस गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ कर रही है। आशंका है कि पूछताछ में हाईवे और रिंग रोड पर हुई लूट की अन्य वारदातों का भी खुलासा हो सकता है। पुलिस के अनुसार कांस्टेबल अन्नाराम और संजीव की कार्रवाई में विशेष भूमिका रही। तकनीकी शाखा के हेड कांस्टेबल लोकेश और रामसिंह ने भी आरोपियों तक पहुंचने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

10 अत्याधुनिक रक्त संग्रहण वाहनों को हरी झंडी दिखाई

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने दी प्रदेशवासियों को सौगात

जयपुर (कासं)। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को 10 नवीन अत्याधुनिक रक्त संग्रहण एवं परिवहन वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह, सांसद मदन राठौड़ सहित

■ **इस वाहनों से दूर-दराज क्षेत्रों में स्वैच्छिक रक्तदान को मिलेगा प्रोत्साहन**

मंत्रिपरिषद् के सदस्य, सांसद, विधायक और संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि राजस्थान में कुल 286 ब्लड बैंक संचालित हैं, जिनमें 66 राजकीय ब्लड बैंक हैं। प्रदेश में प्रतिवर्ष करीब 9 लाख यूनिट रक्त की आवश्यकता होती है और स्वैच्छिक रक्तदान शिविरों के माध्यम से लगभग 5 लाख यूनिट रक्त एकत्र किया जाता है। नवीन रक्त संग्रहण एवं परिवहन वाहनों के माध्यम से अब दूर-दराज के क्षेत्रों में भी सुविधाजनक रूप से

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को 10 नवीन अत्याधुनिक रक्त संग्रहण एवं परिवहन वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित हो सकेंगे तथा रक्त संग्रहण को बढ़ाया जा सकेगा। प्रदेश में स्वैच्छिक रक्तदान को बढ़ावा देने और जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से कुल 4 करोड़ 50 लाख रुपये की लागत से इन वाहनों को राज्य के 10 राजकीय ब्लड बैंकों को आवंटित किया गया है। इन वाहनों में 3 डोनर काउच, 2 ब्लड कलेक्शन मॉनिटर, ट्यूब सीलर, 200 यूनिट क्षमता वाला रेफ्रिजरेटर, ऑक्सीजन सिलेंडर, डिजिटल थर्मामीटर तथा रक्तदाताओं को प्रोत्साहित करने के लिए एलईडी टीवी एवं पब्लिक एड्रेसिंग सिस्टम जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं।

कालवाड़ रोड पर जलभराव से परेशान होकर पुनः निकाली "नाव यात्रा"

क्षेत्र में ड्रेनेज-सीवरेज की व्यवस्था की मांग गूंजी

जयपुर (कासं)। कालवाड़ रोड यूं तो कहने को 300 फीट हाईवे हैं, परंतु यहां ना तो 60 फीट से ज्यादा चौड़ी सड़क हैं और ही सीवरेज-ड्रेनेज जैसी मूलभूत सुविधाएं, ऐसे में मूलभूत सुविधाओं के अभाव में लोग नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं। बारिश के दिनों में यह समस्या अब नासूर का रूप लेती जा रही है।

कालवाड़ रोड पर रावण गेट से लेकर हाथोज तक मुख्य सड़क पर बारिश के जलभराव के कारण हालात ऐसे बने हुए हैं, जैसे यहां से सड़क नहीं, बल्कि नदी गुजरती हो। रविवार को इसी जलभराव के विरोध में स्थानीय युवा नेता देवेन्द्र प्रताप सिंह ने "नाव यात्रा" निकालकर व "जल समाधि" प्रदर्शन के जरिए क्षेत्रीय विधायक एवं मंत्री कर्नल राज्यवर्द्धन सिंह राठौड़, सांसद राव राजेन्द्र सिंह एवं जयपुर विकास प्राधिकरण के अधिकारियों का ध्यान खींचा है।

देवेन्द्र सिंह ने कहा कि, कालवाड़ रोड का क्षेत्र झोटवाड़ा विधानसभा में आता हैं, विधायक कर्नल राठौड़ मंत्री भी हैं, इसके बावजूद कालवाड़ रोड के निवासी आज भी मूलभूत सुविधाओं को

कालवाड़ रोड पर मंगलम सिटी के गेट के सामने बारिश के जलभराव से परेशान लोगों ने रविवार को यहां जल समाधि प्रदर्शन और नाव यात्रा के जरिए अपनी नाराजगी जाहिर की।

तरस रहे हैं। मानसून की बारिश अभी जयपुर में अच्छे से हुई भी नहीं हैं कि कालवाड़ रोड की मुख्य सड़क जलमग्न हैं।

उन्होंने कहा कि ऐसा कोई दिन नहीं, तब जलभराव के बीच लोग फिसलकर गिरते नहीं। गत दिनों भी "नाव यात्रा" निकालकर समस्या और अपनी पीड़ा जाहिर की थी, जिसके बाद देर रात जेडीए ने यहां मड पंप लगाकर सड़क पर भरा हुआ पानी, सड़क के दूसरी तरफ छोड़ दिया। उन्होंने कहा कि "मड पंप से पानी निकालना सिर्फ जुगाड़ हैं, समस्या का असली समाधान तब हो पाएगा, जब यहां सीवरेज-ड्रेनेज की व्यवस्था होगी। इस विरोध प्रदर्शन के दौरान एडवोकेट कृष्ण सिंह तंवर और दिनेश सिंह शेखावत भी मौजूद रहे।

निजी फोटो वायरल करने की धमकी देकर 5 लाख रु.ऐंठे

जयपुर (कासं)। शिवदासपुरा इलाके में फेसबुक के जरिए युवक से दोस्ती कर उसे ब्लैकमेल करने का मामला सामने आया है। पश्चिम बंगाल की रहने वाली आरोपी महिला ने युवक को झूठे रेप केस में फंसाने की धमकी देकर करीब 5 लाख रुपए ऐंठ लिए। आरोप है कि महिला ने युवक के निजी फोटो और उसके परिजनों की जानकारी हासिल कर उसे लगातार धमकाया। अब और रुपए नहीं देने पर फोटो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दी जा रही है। परेशान युवक ने शिवदासपुरा थाने में आरोपी महिला के खिलाफ मामला दर्ज कराया है।

शिवदासपुरा थानाधिकारी राजेश गौतम ने बताया कि गोनेर निवासी 28 वर्षीय युवक ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित के अनुसार करीब तीन साल पहले फेसबुक पर महिला ने उसे फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजी थी। रिक्वेस्ट स्वीकार करने के बाद दोनों के बीच बातचीत शुरू हो गई। महिला ने बातचीत के दौरान युवक को अपनी बातों में फंसा लिया और जरूरत बताकर रुपए मांगने लगी।

पीड़ित का आरोप है कि करीब एक साल बाद महिला युवक से मिलने जयपुर आई। वह उसे घुमाने के बहाने अजमेर दरगाह ले गई। वहां महिला ने कथित तौर पर युवक के खाने में नशीला पदार्थ मिला दिया। इसके बाद उसके मोबाइल से परिजनों के फोटो और मोबाइल नंबर निकाल लिए। आरोप है कि महिला ने युवक के कुछ निजी फोटो भी अपने मोबाइल में ले लिए।

इसके बाद महिला ने निजी फोटो वायरल करने की धमकी देकर युवक को ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। आरोप है कि उसने युवक पर अलग-अलग मोबाइल ऐप से लोन लेने का दबाव बनाया और लोन के रुपए भी अपने पास ले लिए। पीड़ित के अनुसार जुलाई 2026 में महिला दोबारा जयपुर आई। इस दौरान उसने डरा-धमकाकर युवक से अपने लिए शॉपिंग करवाई और हवाई जहाज का टिकट भी बुक कराया। आरोप है कि महिला ने युवक के गले से सोने की चेन छीन ली और 2 लाख रुपए नकद भी ले लिए।

पीड़ित का आरोप है कि महिला झूठे रेप केस में फंसाने की धमकी देकर अब तक उससे करीब 5 लाख रुपए ऐंठ चुकी है। अब और रुपए देने की मांग पूरी नहीं होने पर वह युवक और उसके परिवार की तस्वीरें फेसबुक पर वायरल करने की धमकी दे रही है। लगातार ब्लैकमेलिंग से परेशान होकर युवक ने पुलिस से शिकायत की।

तीसरा ऑल इंडिया काजू कन्वैंशन संपन्न

जयपुर । जयपुर में तीसरा ऑल इंडिया काजू कन्वेंशन संपन्न हुआ। ऑल इंडिया काजू एसोसिएशन और इवेंटेल ग्लोबल एडवाइजरी द्वारा एपीडा के सहयोग से आयोजित सम्मेलन में 845 से अधिक प्रतिनिधियों, 1000 से अधिक विजिटर्स और 100 से अधिक प्रदर्शकों ने भाग लिया। कन्वेंशन में काजू प्रसंस्करण से जुड़ी 10 नई मशीनरी तकनीकों का लाइव प्रदर्शन किया गया। पहली बार आयोजित 'काजू महोत्सव' में 8 सेलिब्रिटी शेफ ने काजू से बने 80 से अधिक नए व्यंजन प्रस्तुत किए। वहीं, एक्सपीरियंस जोन के माध्यम से काजू के पोषण और स्वास्थ्य लाभों की जानकारी दी गई, जिसमें 1000 से अधिक परिवार शामिल हुए। सम्मेलन में काजू उद्योग में आधुनिकीकरण, निर्यात बढ़ाने, तकनीकी विकास और व्यापारिक विवादों के समाधान पर भी चर्चा हुई।

सार-समाचार

रामप्रकाश भारी को पीएचडी की उपाधि

जयपुर । राजस्थान विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग के शोधार्थी राम प्रकाश भारी को पीएचडी (डॉक्टरेट) की उपाधि प्रदान की गई। उन्होंने 'सतत विकास एवं आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना : गांधी के ग्राम स्वराज के संदर्भ में एक अध्ययन' विषय पर शोध कार्य किया। शोध कार्य राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष एवं पीजी स्कूल ऑफ सोशल साइंस के निदेशक डॉ. राजेश कुमार शर्मा के निर्देशन में पूरा हुआ। बाह्य परीक्षक जेएनयू, नई दिल्ली के प्रोफेसर डॉ. संजय भारद्वाज रहे। डॉ. भारी राजस्थान विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग के छात्रसंघ अध्यक्ष भी रह चुके हैं। उन्होंने राजनीति विज्ञान विभाग से एमए व एमफिल तथा राजस्थान कॉलेज से स्नातक की डिग्री प्राप्त की है। समसामयिक विषयों पर राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय सेमिनार एवं सम्मेलनों में भाग लेने और शोध पत्र लेखन में उनकी विशेष रुचि है।

प्रो. डॉ. राजीव सक्सेना सम्मानित

जयपुर । कथा व उपन्यास सम्राट मुंशी प्रेमचंद की 146वीं जयंती पर अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की ओर से दुर्गापुरा स्थित कृषि विज्ञान केंद्र के सियाम सभागार में साहित्यिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जयपुर के वरिष्ठ साहित्यकार एवं कवि प्रोफेसर डॉ. राजीव सक्सेना को साहित्य के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रतिष्ठित 'मुंशी प्रेमचंद साहित्य रत्न सम्मान-2026' से सम्मानित किया गया। उन्हें ये सम्मान कविता लेखन व समीक्षा वर्ग में उत्कृष्ट लेखन, प्रदर्शन के लिए दिया गया। सम्मान स्वरूप संस्था के पदाधिकारियों ने उन्हें शॉल, दुपट्टा ओढ़ाकर, स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया व बधाई दी। प्रो. सक्सेना वर्तमान में स्वास्थ्य कल्याण होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं रिसर्च सेंटर में वरिष्ठ आचार्य व चिकित्सक है।

संगीत जगत को मिली 'श्री वीणा'

जयपुर । भारतीय शास्त्रीय संगीत के वाद्य जगत में एक अनूठी पहल के रूप में श्री वीणा' का लोकार्पण किया गया। इस वाद्य की परिकल्पना एवं निर्माण सुप्रसिद्ध स्लाइड गिटार वादक एवं वीणा वादक पं. श्री कृष्ण शर्मा ने किया है, जबकि इसका लोकार्पण उनके पुत्र एवं शिष्य अक्षत शर्मा ने किया। पं. श्री कृष्ण शर्मा ने अपनी दूरदृष्टि और प्रयोगशीलता से ऐसे वाद्य की कल्पना की, जिसकी ध्वनि विचित्र वीणा के समान गहरी और मधुर हो, लेकिन आकार में वह अपेक्षाकृत छोटी और सुविधाजनक हो। वर्षों की साधना और प्रयोग के बाद उन्होंने 'श्री वीणा' को साकार किया। आज उनके पुत्र एवं शिष्य अक्षत शर्मा इस वाद्य को अपनी साधना और वादन से नई पहचान दे रहे हैं। अक्षत के हाथों में 'श्री वीणा' के स्वर इसकी अद्भुत ध्वनि-संभावनाओं को सामने लाते हैं। 'श्री वीणा' भारतीय संगीत की परंपरा और नवाचार के सुंदर संगम का प्रतीक है और पं. श्री कृष्ण शर्मा की संगीत-दृष्टि एवं रचनात्मकता को समर्पित एक अनूठी देन है।

लहरिया पहनकर झूमी महिलाएं

जयपुर । गणगौर महिला ग्रुप की ओर से आयोजित "रिमझिम सावण री तीज" कार्यक्रम में महिलाओं ने सावण के लोकगीत और लोकधुनों पर जमकर नृत्य किया। ग्रुप की फाऊन्डर और डायरेक्टर सुशीला भारती ने बताया की सभी महिलाएँ पारंपरिक रंग बिरंगे लहरिया पोशाक में नजर आई। लहरिया थीम पर हुए इस कार्यक्रम में सभी महिलाओं ने हाथों में मेहंदी लगाई और विशेष राजस्थानी शृंगार किया। इठलाती हुई महिलाओं ने जब मंच पर नृत्य किया तो राजस्थानी संस्कृति साकार हो उठी। कार्यक्रम के दौरान कई मनोरंजक गतिविधियाँ भी आयोजित की गईं। राजस्थानी पोशाक में सजी-धजी महिलाओं का सामूहिक नृत्य और रैम्प वॉक कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रहा। कार्यक्रम में भाग लेने वाली सभी महिलाओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। गणगौर महिला ग्रुप समय समय पर राजस्थान के तीज त्यौहारों पर ऐसे कार्यक्रम करता रहता है ताकि घरेलू और काम-काजी महिलाओं को अपना हुनर दिखाने के लिए मंच मिल सके।

राज्यपाल ने बसंत मेघवाल को बधाई दी

जयपुर । राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने अमेरिका के ओरेगन में आयोजित विश्व एथलेटिक्स अंडर-20 पुरुषों की हाई जंप चैंपियनशिप में भारत को रजत पदक दिलाने पर राजस्थान के बसंत कुमार मेघवाल को बधाई एवं शुभकामनायें दी है।

ई-रिक्शा में जेब काटकर नकदी चुराने वाली उत्तरप्रदेश की गैंग का पर्दाफाश किया

जयपुर (कासं)। आदर्श नगर थाना पुलिस ने ई-रिक्शा में सवारी की जेब ब्लेड से काटकर 50 हजार रुपए चोरी करने वाली अंतरराज्यीय गैंग का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने यूपी के दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की गई 50 हजार रुपए की पूरी रकम बरामद कर ली। आरोपी अन्य वारदात को अंजाम देने की फिराक में आदर्श नगर स्थित कब्रिस्तान के पास घूम रहे थे, जहां पुलिस ने उन्हें दबोच लिया।

डीसीपी जयपुर पूर्व रंजीता शर्मा ने बताया कि 3 अगस्त को मेहंदीपुर बालाजी निवासी पुरुषोत्तम प्रजापत ने आदर्श नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह सामान खरीदने आए थे। ट्रांसपोर्ट नगर से घाटगेट जाने के लिए वह ई-रिक्शा में सवार हुए। रास्ते में दो युवक हाथों में थैला लेकर उनके अगल-बगल आकर बैठ गए। घाटगेट बत्ती से पहले दोनों युवक चलते ई-रिक्शा से कूदकर फरार हो गए। कुछ देर बाद पीड़ित ने जेब संभाली तो उसमें चीरा लगा हुआ था और 50 हजार रुपए गायब मिले। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

इधर वारदात के खुलासे के लिए थानाधिकारी छगन डांगी के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने घटनास्थल और आरोपियों के संभावित रास्तों पर लगे सैकड़ों सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। फुटेज में सामने आए हुलिए के आधार पर मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया। पुलिस को आरोपियों के जयपुर में होने की सूचना मिली। इसके बाद पुलिस ने आदर्श नगर स्थित कब्रिस्तान के पास घेराबंदी कर दोनों आरोपियों को उस समय गिरफ्तार कर लिया, जब वे कथित तौर पर एक और वारदात को अंजाम देने की फिराक में घूम रहे थे। पुलिस के गिरफ्तार आरोपियों की पहचान कुणाल कुमार (21) निवासी कमालगंज जिला फर्रुखाबाद उत्तर प्रदेश, हाल मालपुरा गेट जयपुर पूर्व और गोविंद उर्फ लाला (27) ठठिया जिला कन्नौज, उत्तर प्रदेश, हाल मालपुरा गेट जयपुर पूर्व के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से पीड़ित से चोरी किए गए 50 हजार रुपए बरामद कर लिए हैं।

पिस्टल लेकर घूम रहा बदमाश दबोचा

जयपुर । अवैध हथियारों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन "आग" के तहत बजाज नगर थाना पुलिस और जिला स्पेशल टीम जयपुर पूर्व ने कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से अवैध देशी पिस्टल बरामद की है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह इलाके में अपना वर्चस्व कायम करने और लोगों में दहशत फैलाने के लिए पिस्टल लेकर घूम रहा था। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व रंजीता शर्मा ने बताया कि बजाज नगर थानाधिकारी रामधन डोभाल और डीएसटी प्रभारी सुखवीर सिंह के नेतृत्व में गठित संयुक्त टीम ने सूचना तंत्र विकसित कर संदिग्धों पर नजर रखी। इसी दौरान शिवराम कॉलोनी और दुर्गापुरा रेलवे स्टेशन के पास एक युवक संदिग्ध स्थिति में घूमता मिला। पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़ा और तलाशी ली। उसके कब्जे से एक देशी पिस्टल बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी विजय मीणा (22) निवासी 24, शिवराम कॉलोनी, थाना बजाज नगर, जयपुर पूर्व को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है कि उसने अवैध पिस्टल कहां से और किस व्यक्ति से खरीदी थी। हथियार की सप्लाई से जुड़े नेटवर्क का पता लगाने के प्रयास भी किए जा रहे हैं।

लेखिका रजनी मिश्रा की पुस्तक का विमोचन

साहित्य समाज को दिशा देने का सशक्त माध्यम : अवधेशाचार्य महाराज

जयपुर । छोटी काशी जयपुर की साहित्यिक और आध्यात्मिक परंपरा को आगे बढ़ाते हुए लेखिका रजनी मिश्रा की नवीनतम पुस्तक 'मंथन' का विमोचन रविवार को होटल गणगौर के सभागार में किया गया। गलता पीठाधीश्वर स्वामी सम्पतकुमार अवधेशाचार्य महाराज के सानिध्य में आयोजित समारोह में पुस्तक विमोचन के साथ साहित्य संगोष्ठी एवं पुस्तक परिचर्चा भी हुई। कार्यक्रम में साहित्य, शिक्षा और आध्यात्मिक जगत से जुड़ी अनेक हस्तियां मौजूद रहीं।

गलता पीठाधीश्वर अवधेशाचार्य महाराज ने कहा कि जयपुर की साहित्यिक परंपरा समृद्ध रही है और इसे जीवंत बनाए रखना समाज की जिम्मेदारी है। साहित्यकारों को समाज के विभिन्न विषयों पर निर्भीक एवं सार्थक लेखन करना चाहिए, ताकि साहित्य के माध्यम से समाज का मार्गदर्शन हो और नई पीढ़ी को सही दिशा मिल सके।

मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार एवं प्रशासनिक अधिकारी डॉ. सूरज सिंह नेगी ने कहा कि साहित्य में समाज का हित निहित हो तो सृजन सार्थक होता है। उन्होंने रजनी मिश्रा के लेखन में सामाजिक प्रतिबद्धता, सांस्कृतिक सरोकार और उद्देश्यपरकता की सराहना की। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ

लेखिका रजनी मिश्रा की पुस्तक 'मंथन' का विमोचन गलता पीठाधीश्वर स्वामी अवधेशाचार्य महाराज के सानिध्य में हुआ।

साहित्यकार एवं आईएएस अधिकारी टीकम चंद बोहरा ने की। उन्होंने कहा कि श्रेष्ठ साहित्य वही है जो पाठक के मन में प्रश्न पैदा कर उसे चिंतन के लिए प्रेरित करे। वरिष्ठ साहित्यकार एवं पूर्व हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. रेखा गुप्ता ने पुस्तक की समीक्षा प्रस्तुत करते हुए इसके विषय-विस्तार, भाषा-शैली और सामाजिक सरोकारों पर प्रकाश डाला। समीक्षक एवं कहानीकार डॉ. आशा शर्मा ने काव्यात्मक शैली में कार्यक्रम का संचालन किया, जबकि वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. बजरंग सोनी ने पुस्तक के आलेखों में निहित विचारों पर चर्चा की। लेखिका रजनी मिश्रा ने अपनी रचना-यात्रा साझा करते हुए बताया कि 'मंथन' को पूरा करने में दो वर्ष का सतत लेखन लगा। पुस्तक में विभिन्न विषयों को संक्षिप्त, सारगर्भित और प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करने का प्रयास किया गया है। उन्होंने कहा कि पुस्तक के माध्यम से पाठकों को विचार और आत्ममंथन के लिए प्रेरित करना उनका उद्देश्य रहा है।

समारोह में साहित्यकारों, साहित्यप्रेमियों और विभिन्न साहित्यिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। साहित्य, शिक्षा एवं सामाजिक क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाली हस्तियों का सम्मान भी किया गया। उल्लेखनीय है कि 'मंथन' रजनी मिश्रा की चौथी पुस्तक है और उन्हें लेखन के क्षेत्र में कई सम्मान प्राप्त हो चुके हैं।

31 स्कूली बच्चों ने भरी "फ्लाइट ऑफ फैंटेसी"

पहली हवाई यात्रा से विद्यार्थियों में बढ़ा आत्मविश्वास

जयपुर । राउंड टेबल इंडिया, जयपुर पिंकसिटी राउंड टेबल 171 एवं सहयोगी संस्थाओं की पहल 'फ्लाइट ऑफ फैंटेसी' के तहत जयपुर के सरकारी स्कूलों के 31 बच्चों ने पहली बार हवाई यात्रा की।

बच्चे सांगानेर एयरपोर्ट से जेवर एयरपोर्ट पहुंचे और इसके बाद राष्ट्रपति भवन, इंडिया गेट व राष्ट्रीय युद्ध स्मारक का भ्रमण किया। राष्ट्रपति भवन में बच्चों ने देश के इतिहास, लोकतंत्र और संवैधानिक व्यवस्था की जानकारी ली, जबकि राष्ट्रीय युद्ध स्मारक में जवानों के शौर्य व बलिदान से परिचित हुए। यात्रा से पहले बच्चों ने शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर से उनके आवास पर मुलाकात की। दिलावर ने बच्चों को

राउंड टेबल इंडिया, जयपुर पिंकसिटी राउंड टेबल 171 और सहयोगी संस्थाओं की पहल पर सरकारी स्कूलों के 31 बच्चों ने हवाई यात्रा की।

बड़े सपने देखने और मेहनत से उन्हें पूरा करने के लिए प्रेरित किया तथा आयोजकों की पहल की सराहना की। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में जिज्ञासा और जीवन में बड़े लक्ष्य हासिल करने की भावना विकसित करना है।

151 जोड़ों ने किया पार्थिव शिवलिंग का महारुद्राभिषेक

जयपुर । श्रावण मास के अवसर पर विजयबाड़ी स्थित श्री भवानी निकेतन उच्च माध्यमिक विद्यालय में हरिओम जन सेवा समिति (राजस्थान) की ओर से 19वें विशाल पार्थिव शिवलिंग महारुद्राभिषेक का आयोजन हुआ। 151 जोड़ों ने एक साथ पार्थिव शिवलिंग बनाकर विधि-विधान से पूजन और अभिषेक किया। वैदिक मंत्रोच्चार, रुद्रपाठ और शंखनाद के बीच पांच पवित्र नदियों के जल, गंगाजल, दूध और पंचामृत से शिवलिंगों का अभिषेक किया गया। श्रद्धालुओं ने बेलपत्र, पुष्प व अन्य पूजन सामग्री अर्पित कर 'ॐ नमः शिवाय' का जाप किया। आयोजन स्थल पर हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयकारे गूंजते रहे। समिति पदाधिकारियों ने बताया कि श्रावण मास में पार्थिव शिवलिंग पूजन और रुद्राभिषेक का विशेष महत्व है।

"कैसे जानें भाग्य विज्ञान" सेमिनार में उमड़ा जनसैलाब

जयपुर । श्री जैन श्वेतांबर तेरापंथी सभा, जयपुर के तत्वावधान में आचार्य श्री महाश्रमण के शिष्य मुनि सुधाकर के सानिध्य में 'कैसे जानें भाग्य विज्ञान' विषय पर सेमिनार का आयोजन भिक्षु साधना केंद्र, श्याम नगर में किया गया। सेमिनार में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, प्रबुद्धजनों एवं शहर के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। सभागार में उमड़े जनसैलाब से ऐसा लगा मानो भाग्य विज्ञान को जानने और समझने के प्रति लोगों में विशेष जिज्ञासा हो।

मुनि सुधाकर ने कहा कि हर व्यक्ति अपने भाग्य का निर्माता स्वयं है। पुरुषार्थ चेतना के जागरण से व्यक्ति अपने जीवन की दिशा बदल सकता है। ग्रह-नक्षत्र हमारे कर्मों के फल को दर्शाते हैं, लेकिन साधना, पुरुषार्थ और कर्मों में परिवर्तन के माध्यम से जीवन में सकारात्मक बदलाव संभव है। व्यक्ति जैसा कर्म करता है, उसे वैसा ही फल प्राप्त होता है। साधना के माध्यम से भाग्य के निर्माण और भाग्योदय की दिशा में महत्वपूर्ण परिवर्तन किया जा सकता है। मुनि श्री ने मंत्र विज्ञान, ज्योतिष विज्ञान एवं जैन दर्शन के आधार पर भाग्य विज्ञान से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण प्रयोग एवं सूत्र बताए, जिनसे व्यक्ति अपने जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हुए भाग्योदय की दिशा में आगे बढ़ सकता है। समारोह के दौरान मुनि नरेश कुमार ने गीत का संगान किया। वहीं तेरापंथ महिला मंडल, सी-स्कीम द्वारा 'श्रद्धा से नमन करें हम' विषय पर भावपूर्ण गीत की सुंदर प्रस्तुति दी गई, जिसे उपस्थित श्रद्धालुओं ने खूब सराहा। कार्यक्रम का स्वागत सेमिनार संयोजक प्रवीण बाठिया ने किया, जबकि कार्यक्रम का कुशल संचालन सेमिनार संयोजक रणजीत हीरावत ने किया।